भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1372

उत्तर देने की तारीख-27/07/2026

मुजफ्फरनगर के सरकारी कॉलेजों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम

1372. **श्री हरेन्द्र सिंह मलिक:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार मुजफ्फरनगर के प्रमुख उद्योगों, अर्थात् चीनी, इस्पात और कागज को ध्यान में रखते हुए उक्त जिले के सरकारी कॉलेजों में व्यावसायिक पेशेवर पाठ्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रही है;

(ख) क्या मुजफ्फरनगर में उच्चस्तरीय अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित आविष्कार, नवाचार, इंक्यूबेशन और प्रशिक्षण केंद्र (सीआईआईआईटी) को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) से जोड़ने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के अंतर्गत मुजफ्फरनगर के ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को स्थानीय इस्पात संयंत्रों और चीनी मिलों में इंटर्नशिप प्रदान करने के लिए कोई विशिष्ट दिशानिर्देश जारी किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार मुजफ्फरनगर जिले में एक नया केंद्रीय विश्वविद्यालय या एक बहु-विषयक अनुसंधान संस्थान की स्थापना के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (घ): भारत सरकार ने छात्रों का समग्र विकास प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 शुरू की। एनईपी 2020 में नियमित कार्यक्रमों के साथ व्यावहारिक अनुभव और कौशल पाठ्यक्रमों के एकीकरण की परिकल्पना की गई है। एनईपी 2020 छात्रों/युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए उद्योग-शैक्षणिक जुड़ाव के महत्व पर भी जोर देती है।

एनईपी 2020 के उद्देश्यों को प्राप्त करने और उच्चतर शिक्षा संस्थाओं (एचईआई) में उद्योग के अनुभव प्रदर्शन का एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए, विश्वविद्यालय अनुदान

आयोग (यूजीसी) ने अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) दिशानिर्देश जारी किए हैं। इसके अलावा, तकनीकी शिक्षा के छात्रों के लिए उद्योग का सामान्य अनुभव सुनिश्चित करने के लिए, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने उनके द्वारा अनुमोदित मॉडल पाठ्यक्रम/कार्यक्रमों में इंटर्नशिप को अनिवार्य घटक बना दिया है।

यूजीसी ने शैक्षणिक वर्ष 2020-21 के दौरान राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के तहत कौशल-आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए मुजफ्फरनगर जिला, उत्तर प्रदेश में 04 उच्च शिक्षण संस्थाओं (एचईआई) को मंजूरी दी थी। शिक्षा मंत्रालय की राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एनएटीएस) के अंतर्गत मुजफ्फरनगर जिले के 02 कॉलेजों नामत: श्री राम कॉलेज और सनातन धर्म कॉलेज ने एईडीपी पाठ्यक्रम शुरू कर दिए हैं और छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रशिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (बीओएटी) (उत्तरी क्षेत्र), कानपुर के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, एनएटीएस के तहत स्नातकों को शिक्षुता प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मुजफ्फरनगर के कुल 7 प्रतिष्ठान/उद्योग बोट (उत्तरी क्षेत्र), कानपुर के साथ पंजीकृत हैं।

भारत सरकार ने छात्रों को उच्च गुणवत्ता और बहु-विषयक शिक्षा प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश में कई शीर्ष केंद्र द्वारा वित्त पोषित संस्थानों, जैसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) इलाहाबाद, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय आदि की भी स्थापना की है। भारत सरकार राज्य सरकारों के विशिष्ट विश्वविद्यालयों और कॉलेजों हेतु राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रुसा)/प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के तहत राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है ताकि निर्धारित मानदंडों और मानकों का पालन सुनिश्चित करके गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। पीएम-उषा के तहत, उत्तर प्रदेश राज्य में बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (एमईआरयू) घटक के तहत कुल 6 इकाइयों को मंजूरी दी गई है।

भारत सरकार ने पीएम-उषा योजना के विभिन्न चरणों के तहत पीएम-उषा के कॉलेज घटक को मजबूत करने के लिए मुजफ्फरनगर जिले में विजय सिंह पथिक सरकारी महाविद्यालय, कैराना के लिए 5 करोड़ रु. सहित उत्तर प्रदेश राज्य में 204 इकाइयों को मंजूरी दी है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार, "माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर", जो एक राज्य लोक विश्वविद्यालय है, अपने संबद्ध कॉलेजों के साथ, छात्रों को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करता है। इसके अलावा, सेंटर ऑफ इन्वेन्शन इनोवेशन, इनक्यूबेशन एंड ट्रेनिंग (सीआईआईआईटी) मुजफ्फरनगर को आईआईटी के साथ संबद्ध करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****